पंजाब केसरी 21/10/2022


# हरियाणवी डांस व अन्य कई प्रतियोगिताओं के दौरान स्टेज पर कलाकारों को देख कुर्सियों पर बैठे विद्यार्थी भी झूमने पर हुए मजबूर



आयोजक विशिष्ट अतिथि अनुभव अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। (देवदत्त)



छात्रा डांस की प्रस्तुति देते हुए। (देवदत्त)










हरियाणवीं डांस व अन्य की प्रस्तुति देते कालेजों के विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला छावनी, 20 अक्तूबर (कोचर): कैंट के आर्य गर्ल्स कॉलेज में चल रहे जोनल यूथ फैस्टिवल के दूसरे दिन भी प्रदेश के विभिन्न जिलों के कॉलेजों से आए विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रस्तुति दी। लेकिन लगातार दूसरे दिन भी सुबह से शाम तक चली प्रतियोगिताओं में कैंट के एस.डी. कालेज के कलाकार विद्यार्थियों ने प्रतिस्पर्धी कालेजों के विद्यार्थियों को कड़े तेवर दिखाए। देर रात जारी हुए नतीजों में ओवरऑल एस.डी. कालेज के विद्यार्थी आगे रहे और ओवरऑल ट्राफी की ओर अपना एक ओर कदम आगे बढ़ाया।

सनातन धर्म कालेज के जनसंपर्क अधिकारी डा. नवीन गुलाटी ने बताया कि इस बार के 45वें 3 दिवसीय जोनल यूथ फैस्टिवल के दूसरे दिन भी प्रतिभागियों का उत्साह और जोश काबिले तारीफ रहा।

कालेज के लिए यह अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि कार्यक्रम के पहले दिन कालेज के प्रतिभाशाली छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर क्विज, सोलो डांस मेल, क्लासिकल वोकल सोलो, लाइट वोकल, हरियाणवी डांस, ग्रुप सॉन्ग जनरल में रिकमेंडेड, फोक सॉन्ग हरियाणवी, कोरियोग्राफी, सोलो डांस फीमेल, पेंटिंग, फॉक सॉन्ग जनरल, क्लासिकल डांस में कमेंडेड एवम रिचुअल्स में तृत्यी स्थान प्राप्त कर अपनी अद्भुत, अद्वितीय एवम असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया।

सनातन धर्म कालेज, अंबाला छावनी का हरियाणवी डांस आकर्षण का केंद्र रहा। कलाकारों की प्रस्तुति ने तो सभी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आज कार्यक्रम के दूसरे दिन यानी कि 20 अक्तूबर को कालेज के होनहार प्रतिभागियों ने पॉप सांग हरियाणवी, ग्रुप सांग हरियाणवी, क्लासिकल इंस्ट्रूमैंटल सोलो परकशन एवं क्लासिकल इंस्ट्रूमैंटल सोलो एन.पी. में रिकमैंडेड एवं स्किट और रसिया ग्रुप डांस में कमैंडेड व सिपोजियम में तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने बेजोड़ हुनर का परिचय दिया। इन 2 दिनों के बेहतरीन परिणामों के साथ कॉलेज अब ओवरऑल ट्रॉफी जीतने की तरफ अग्रसर है।

## दूसरे दिन के परिणाम इस प्रकार रहे

डैक्लामेशन इन हिन्दी में प्रथम स्थान गवर्नमैंट कालेज, सैक्टर-1, पंचकूला, द्वितीय स्थान एस.एम.एम.डी गवर्नमैंट संस्कृत महाविद्यालय, पंचकूला, तृतीय स्थान गवर्नमैंट कालेज, अम्बाला छावनी, पॉप सोंग हरियाणवी में प्रथम स्थान एस.डी. कालेज, अम्बाला छावनी, द्वितीय स्थान जी.एम.एन. पी.जी. कालेज, अम्बाला छावनी रहे, क्लासीकल इंस्ट्रूमैंट सोलो (पी.) में प्रथम स्थान एस.डी. कालेज, अम्बाला छावनी, द्वितीय स्थान जी.एम.एन. पी.जी. कालेज, अम्बाला छावनी, तृतीय स्थान गवर्नमैंट कालेज, सैक्टर-1, पंचकूला, क्लासिकल इंस्ट्रूमैंट सोलो (एन.पी.) में प्रथम स्थान एस.डी. कालेज, अम्बाला छावनी, द्वितीय स्थान गवर्नमैंट कालेज, सैक्टर-1, पंचकूला, तृतीय स्थान एस.ए. जैन कालेज, अम्बाला छावनी, सिम्पोसियम में प्रथम स्थान गवर्नमैंट कालेज, अम्बाला छावनी, द्वितीय स्थान डी.ए.वी. कालेज, अम्बाला शहर, तृतीय स्थान एस.डी. कालेज, अम्बाला छावनी, फोल्क इंस्ट्रूमैंट हरियाणवी सोलो में प्रथम स्थान गवर्नमैंट कालेज, अम्बाला छावनी, द्वितीय स्थान राजीव गांधी गवर्नमैंट कालेज, साहा, अम्बाला, एस.ए. जैन कालेज, अम्बाला शहर, रसिया ग्रुप डांस में प्रथम स्थान डी.ए.वी. कालेज, अम्बाला शहर, द्वितीय स्थान एस.डी. कालेज, अम्बाला छावनी, तृतीय स्थान एस.ए. जैन कालेज, अम्बाला शहर, हरियाणवी हिन्दी स्काइट में प्रथम स्थान जी.एम.एन. पी.जी. कालेज, अम्बाला छावनी, द्वितीय स्थान एस.डी. कालेज, अम्बाला छावनी, तृतीय स्थान गवर्नमैंट कालेज फॉर वूमेन, कार्टूनिंग में प्रथम स्थान गवर्नमैंट कालेज, सैक्टर-1, पंचकूला, द्वितीय स्थान गवर्नमैंट कालेज फॉर वूमेन, शहजादपुर, तृतीय स्थान गवर्नमैंट कालेज, अम्बाला छावनी ने हासिल किया।